C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 5:13 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरूवार
सुबह 6:52 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 149 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 4 दिसंबर 2024

सेंसर बोर्ड से पास हुआ पुष्पा 2...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### महिला ने बेटी की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई

**हल्द्वानी।** एक महिला ने अपनी पुत्री की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाते हुए। मुखानी थाना पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस को सौंपी तहरीर में माली देवरिया किच्छा निवासी चंद्रा देवी ने कहा है कि उसकी पुत्री 21वर्षीय लक्ष्मी आर्य पत्नी दिनेश राम निवासी नारायण नगर कुसुमखेड़ा। मैं अपने पति के साथ रहती थी जो 27 अक्टूबर को घर से बिना बताए कहीं चली गई है जिसकी काफी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं भी पता नहीं चला परिजनों को उसकी अनिष्ठा की चिंता सता रही है। पुलिस ने महिला की तैयारी के आधार पर उसकी पुत्री की गुम शुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### हादसे में पुत्री की मौत के बाद डंपर चालक पर मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी।** न्यायालय के आदेश पर एक व्यक्ति ने अपनी पुत्री मौत के बाद डंपर चालक के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है तीन पानी निवासी मोहनलाल पुत्र सेवाराम ने पुलिस से कहा है कि उसकी पुत्री 16 वर्षीय पुष्पा 15 अक्टूबर की प्रात: 9:30 बजे अपनी साइकिल पर सवार होकर ढोला खेड़ा तीन पानी स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जा रही थी तभी तेज गति से आ रहा है डंपर ने उसकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां 4 दिन पुष्पा का इलाज चल उसके बाद 19 अक्टूबर को पुष्पा की मौत हो गई। हालांकि मौका से डंपर चालक फरार हो गया था पीड़ित व्यक्ति ने अपनी पुत्री को इंसाफ दिलाने के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटाया न्यायालय ने पुलिस को निर्देशित करते हुए डंपर  चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर डंपर चालक की तलाश शुरू कर दी है कोतवाल राजेश कुमार यादव का कहना है कि जल्द ही डंपर व डंपर चालक पुलिस की गिरफ्त में होगा।

# बॉर्डर पर राहुल गांधी को रोका, कार्यकर्ताओं का हंगामा

**नई दिल्ली** | एजेंसी

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के संभल दौरे से पहले ही दिल्ली-यूपी बॉर्डर छावनी में तब्दील हो गया है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने यूपी गेट पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। सड़क पर बैरिकेडिंग की वजह से लंबा जाम लग गया है। यूपी गेट पर दोनों तरफ जाम है। कांग्रेस महासचिव (संगठन) के.सी.वेणुगोपाल ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के नेतृत्व में सम्भल जा रहे हमारे प्रतिनिधिमंडल



को गाजियाबाद में यूपी सीमा पर रोक दिया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने हिंसा में मारे गए लोगों के परिवारों से मिलने से लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष को क्यों रोका जिस व्यक्ति ने इतना दुख और क्षति झेली हो, उसके साथ खड़ा होना मानवता का मूलमंत्र है। राहुल का नारा रहा है नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान। और जब सत्ताधारी शासन ने नफरत का माहौल बना दिया है, तो विपक्ष के तौर पर हमारा कर्तव्य है कि हम करुणा, सहानुभूति और प्रेम लाएं। हम अपने देश में शांति और सांप्रदायिक सद्भाव के हित में पीड़ित परिवारों से मिलने के लिए दृढ़ हैं, यूपी सरकार को प्रतिनिधिमंडल को सम्भल जाने की अनुमति देनी चाहिए।

दिल्ली-गाजीपुर बॉर्डर पर पहुंचे राहुल गांधी के काफिले को रोक दिया गया। जिसके बाद पुलिस अधिकारियों ने राहुल गांधी से बातचीत की। फिलहाल राहुल गांधी अपने काफिले के साथ यूपी गेट पर ही हैं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का हंगामा जारी है। राहुल गांधी को संभल जाने से रोकने पर यूपी गेट पर कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं का हंगामा जारी है।

वहीं राहुल गांधी के बॉर्डर पर पहुंचने से पहले एसपीजी से डीसीपी निमिष पाटील और एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बातचीत की।  बॉर्डर पर भारी पुलिस बल तैनात है। बैरिकेडिंग की गई है। कांग्रेस नेत्री सुप्रिया श्रीनेत गाड़ी से उतार कर पब्लिक के साथ आई। वहीं अमेठी के सांसद किशोरी लाल ने कहा कि यह लोकतंत्र की हत्या है।

**मुख्यमंत्री को लेकर जारी सस्पेंस पर लगा आज विराम**

# देवेंद्र फडणवीस होंगे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री, शपथ ग्रहण कल

**मुंबई** | एजेंसी

महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री को लेकर जारी सस्पेंस पर आज विराम लग गया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक में देवेंद्र फडणवीस को नेता चुना गया। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 20 नवंबर को हुए थे।

विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद फडणवीस ने कहा कि मैं एकनाथ शिंदे और अजित पवार करा शुक्रिया अदा करता हूं। हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को आगे बढ़ाएंगे। हमें यह बात भी याद रखनी है कि एक हैं तो सेफ हैं। इससे पहले निर्मला सीतारमण ने कहा कि एकमत निर्णय आनंददायी होता है। आप सभी ने सही फैसला किया है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के नाम का एलान कर दिया गया है। देवेंद्र फडणवीस को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया है। महाराष्ट्र भाजपा के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि हमें फडणवीस के नेतृत्व में जीत मिली है। वे राज्य के विकास के लिए लगातार काम करते रहे हैं। इसके बाद चंद्रकांत पाटिल और सुधीर मुगंटीवार ने फडणवीस के नाम का प्रस्ताव रखा। पंकजा मुंडे ने उनके



नाम का अनुमोदन किया। राज्य के लिए पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी बैठक में मौजूद हैं। सूत्रों के मुताबिक, अजित पवार और एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र सरकार में उपमुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभालेंगे।

दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में गुरुवार को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ-साथ करीब 2,000 अति महत्वपूर्ण व्यक्ति और 40,000 कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस समारोह में कई केंद्रीय मंत्रियों और विभिन्न राज्यों के 19 मुख्यमंत्रियों तथा उपमुख्यमंत्रियों के भी शामिल होने की उम्मीद है।

भाजपा, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) वाले गठबंधन महायुति की नई सरकार में मुख्यमंत्री पद के लिए दावेदारों में पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का नाम सबसे आगे माना जा रहा है। संभावना है कि बैठक में जिसे भाजपा विधायक दल का नेता चुना जाएगा, वह राज्यपाल से मिलकर राज्य में नई सरकार के गठन के लिए दावा पेश करेगा।

# सिडकुल के कारोबारी की गाड़ी का शीशा तोड़ दिनदहाड़े आठ लाख की नगदी उड़ाई

**रुद्रपुर** | हमारे संवाददाता

सिडकुल के कारोबारी की नैनीताल हाईवे पर सड़क किनारे खड़ी स्कार्पियो का शीशा तोड़ उसमें रखी 8 लाख की नगदी पार होने का मामला प्रकाश में आया है।

मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने पीड़ित से जानकारी लेने के बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस के मुताबिक राज्य की सीमा लगी बत्रा कालोनी निवासी विपिन त्यागी ने आईसीआईसीआई बैंक से आठ लाख रुपए निकाले और वह गाड़ी को नैनीताल हाईवे सड़क किनारे खड़ी कर किसी काम से विशाल मेगा मार्ट चले गए। बताया जा रहा है कि थोड़ी देर में वापस लौटे तो गाड़ी का शीशा टूटा था और उसमें रखी नगदी गायब थी। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर चौकी

**दुस्साहस**

- मौके पर पहुंची पुलिस जुटी सीसीटीवी कैमरे खंगालने में, अभी तक पुलिस के हाथ खाली

प्रभारी आदर्श कालोनी होशियार सिंह मय पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे। उन्होंने पीड़ित से घटना की जानकारी लेने के बाद आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू कर दिए। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि विपिन त्यागी सिडकुल में कारोबार करते हैं और उन्होंने आईसीआईसीआई बैंक से 8 लाख रुपए निकाले। वहां वह किसी से विशाल मेगा मार्ट गये। गाड़ी सड़क किनारे खड़ी की थी। बताया कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज देख रही है। गाड़ी का शीशा चालक की साइड वाला टूटा था। शीशा का कुछ हिस्सा नीचे और गाड़ी के अंदर पड़ा था। फिलहाल पुलिस के हाथ खाली हैं।



# राज्य मत्स्य सहकारी संघ उत्तराखंड का उपाध्यक्ष बने संदीप सिंह भोज

**हल्द्वानी** | हमारे संवाददाता

भाजपा नेता संदीप सिंह भोज को राज्य मत्स्य सहकारी संघ उत्तराखंड का उपाध्यक्ष बनाया गया। पदभार ग्रहण करने के बाद हल्द्वानी पहुँचे भोज का भव्य स्वागत किया गया।  इस मौक़े पर सभी का आभार व्यक्त करते हुये संदीप भोज ने कहाँ कि उनको जो जिम्मेदारी दी गयी है उसका ईमानदारी से निर्वाह करेंगे । इस मौक़े पर दर्जा राज्यमंत्री दिनेश आर्य, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा प्रसाद, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी चंदन बिष्ट, प्रदीप जनौटी, नवीन भट्ट, प्रताप रेकवाल, विजय मनराल, निश्छल पांडेय, मनीष कपिल, कमलेश जोशी, बिनीत अग्रवाल, तारु तिवारी, शांति भट्ट, चित्रा सुयाल, अनमोल मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।



# सुखबीर बादल पर अमृतसर में स्वर्ण मंदिर के गेट पर फायरिंग

**चंडीगढ़** | एजेंसी

शिरोमणि अकाली दल के प्रधान सुखबीर बादल को श्री अकाल तख्त साहिब की तरफ से सेवा की धार्मिक सजा सुनाई गई है। बुधवार को उनकी सजा का दूसरा दिन था। इसी दौरान उन पर गोली चलाई गई।

पंजाब के अमृतसर में शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर बादल पर हमला किया गया है। स्वर्ण मंदिर में उन पर गोली चलाई गई है, हालांकि वे सही सलामत हैं। वे श्री अकाल तख्त साहिब की तरफ से दी गई धार्मिक सजा भुगतने श्री हरमंदिर साहिब पहुंचे थे।

पुलिस ने आरोपी नारायण सिंह चौड़ा को गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों के अनुसार, हमलावर नारायण सिंह



चौड़ा बब्बर खालसा इंटरनेशनल का आतंकवादी रहा है। चौड़ा 1984 में पाकिस्तान गया था और आतंकवाद के शुरुआती चरण के दौरान पंजाब में हथियारों और विस्फोटकों की बड़ी खेप की तस्करी में मददगार रहा है। पाकिस्तान में रहते हुए उसने कथित तौर पर गुरिल्ला युद्ध और देशद्रोही साहित्य पर एक किताब भी लिखी है। वह बुड़ैल जेलब्रेक मामले में भी आरोपी है। नारायण इससे पहले पंजाब की जेल में सजा काट चुका है।

जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह करीब 9:30 बजे सुखबीर सिंह बादल घंटाघर की तरफ श्री हरमंदिर साहिब के गेट के पास मौजूद थे। इसी दौरान एक शख्स आया और उसने जेब से पिस्तौल से गोली चला दी जो सुखबीर बादल के पास से गुजरते हुए दीवार पर जा लगी। इसके तुरंत बाद सुरक्षा कर्मियों ने सुखबीर सिंह बादल को घेरा डाल लिया और आरोपी को भी पकड़ लिया। फिलहाल आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया है और मामले की जांच की जा रही है। गेट पर दूसरी तरफ सुखदेव सिंह ढींडसा भी तैनात थे। वहीं दरबार साहिब में गोली चलने की आवाज से संगत में दहशत का माहौल पैदा हो गया।  जानकारी के अनुसार, आरोपी की पहचान नारायण सिंह जोड़ा के तौर पर हुई है। आरोपी डेरा बाबा नानक का है और वह दल खालसा से संबंधित बताया जा रहा है।

# कुमाऊं आयुक्त ने किया डोब ल्वेशाल में कार्यों का स्थलीय निरीक्षण

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं आयुक्त, मुख्यमंत्री सचिव, अध्यक्ष जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण दीपक रावत ने डोब ल्वेशाल के समीप विकास प्राधिकरण के कार्यों और भीमताल स्थलीय निरीक्षण किया।





डोब ल्वेशाल फेस 1,2 और 3 केस्थलीय निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने पार्किंग, पार्क आदि की समस्या बताई। साथ ही निरीक्षण के दौरान कुमाऊं आयुक्त को कई खामियाँ मिली। जिस पर उन्होंने तहसीलदार, वन विभाग और प्राधिकरण के अधिकारियों को समय समय निरीक्षण कर और रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। बताया कि प्राधिकरण से फेस 2 में 160 फ्लैट बन चुके हैं।लेकिन एसटीपी का प्रावधान और पर्यावरण नियम के विरुद्ध है। साथ ही क्षेत्रीय प्रदूषण बोर्ड द्वारा पहले चालानी कार्रवाही की गयी थी। नक्शे अवलोकन के दौरान उन्होंने कहा कि 65 मीटर से कम में निर्माण त्रुटि या नक्शा बनाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि बिना अनुमति के अवैध तरीके से सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है जिस पर उन्होंने पटवारी को तीन दिन के भीतर जांच कर रिपोर्ट देने की बात कही। स्थानीय लोगों ने बताया कि इलाके में करीब 200 से अधिक बांज और अन्य पेड़ों का पातन किया गया। जिस पर आयुक्त दीपक रावत ने वन विभाग के अधिकारियों को जांच के आदेश दिए।

लोगों ने बताया कि नक्शे के अनुसार पार्क की भूमि नक्शा पहले सिने कलाकार चंद्र चूर्ण के नाम पर थी जो अब शिवम जिंदल को दे दी गयी है। साथ ही अवलोकन के दौरान उन्होंने पाया कि सभी फेज में बने करीब 15 से अधिक पार्क को अवैध तरीकों से बेचा जा चुका है। जिस पर आयुक्त ने खरीद फरोख्त पर रोक लगाने के निर्देश और नियमों का पालन नहीं करने वालों पर 5 हजार आर्थिक दंड या चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने नक्शा का बोर्ड लगाने और ठेकेदार का सत्यापन कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने वन विभाग की भूमि में अवैध तरीके से रह रहे लोगों का नियमानुसार चालान करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने तल्लीताल स्थित कुमाऊं मंडल विकास निगम का निरीक्षण किया। केएमवीएन के अधिकारियों ने बताया कि गेस्ट हाउस से लगी हुई जमीन में कुछ लोगों की ओर से निर्माण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उक्त भूमि पर केएमवीएन की भूमि भी लगी हुई है। साथ ही कहा कि एक बिल्डर की ओर से केएमवीएन का गेट भी नहीं लगने दिया जा रहा है। कमिश्नर ने एसडीएम से केएमवीएन के अधिकारियों के साथ एक संयुक्त जांच जमीन की करने को कहा। साथ ही कहा कि उक्त भूमि पर अगर बाहरी व्यक्ति की ओर से कब्जा किया गया है तो उसको नोटिस भेजने को कहा और प्राधिकरण से मामले की जांच कर कमियां मिलने पर ऐसे लोगों के नक्शे निरस्त करने को कहा।

भीमताल स्थलीय भ्रमण के दौरान स्थानीय लोगों ने बताया कि लोगों ने सीवर की समस्या बताई जिस पर आयुक्त ने जल संस्थान के अधिकारियों को 15 दिन के भीतर समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने झील में कूड़ा करकट आदि पर सिचाई विभाग को समय समय पर साफ सफाई करने और जल संस्थान के अधिकारियों को 10 दिन के भीतर सीवर लाइन लीकेज को ठीक करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीमताल में साफ सफाई नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।



## कुमाऊं आयुक्त ने विकास कार्यों का लिया जायजा

**नैनीताल/भीमताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत ने मंगलवार को भीमताल का स्थलीय निरिक्षण किया। निरिक्षण के दौरान बेरोजगार संघ अध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता पूरन चंद्र बृजवासी ने नगर के नौ वार्डो कि आम जनता की पीड़ा को देखते हुए 9 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री सचिव, कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत को ज्ञापन सौंपा और शीघ्र सभी मांगों पर विभागों एवं शासन प्रशासन से हर सम्भव कार्यवाहि एवं निर्माण कार्य कराने कि मांग की।

ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया की मुख्यमंत्री घोषणा नगर की पार्किंग निर्माण पर कार्य शुरुआत की माँग, सूखे जल स्रोतो के पुनर्जीवित की माँग, शहर में बड़े हॉस्पिटल एवं स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, रोडवेज स्टेशन , कमल झील को तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण , तीन दशक से गाद मिट्टी निकासी के इंतजार में भीमताल झील के लिए बजट , नगर के आंतरिक एवं बाहरी सभी मार्गों, चौराहों, सड़कों का सौंदर्यीकरण, झीलों,नालों, नहरों की साफ-सफाई, मिट्टी निकासी, कूड़े का निस्तारण , नौकुचियाताल-खैरोला सड़क निर्माण, नगर के सभी वार्डों की पेयजल दिक्कत दूर करने आदि मांग रखी गई। जिस पर कुमाऊँ आयुक्त रावत द्वारा सभी मांगों पर यथा शीघ्र कार्य कराये जाने का आश्वासन दिया।

## नियमितीकरण को पौधरोपण आंदोलन जारी, कुमाऊं आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण कट ऑफ डेट 2024 नियमावली शीघ्र जारी करने को लेकर किया जा रहा पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधारोपण आंदोलन मंगलवार को 151वें दिन भी जारी रहा।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि मंगलवार को जहां निगम कर्मचारियों ने पौधारोपण किया वहीं उनके नेतृत्व में मुख्यमंत्री के सचिव /कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया गया। गुरु रानी ने कहा कि उनके द्वारा विस्तार पूर्वक किए जा रहे पौधारोपण आंदोलन के संबंध में अवगत कराते हुए नियमितीकरण नियमावली शीघ्र जारी करने तथा गढ़वाल मंडल विकास निगम व कुमाऊं मंडल विकास निगम के कर्मचारियों को भी अन्य कर्मचारियों की भांति समान कार्य का समान वेतन देने व निगम स्तर व शासन स्तर की समस्याओं से अवगत कराया गया। इस संबंध में कुमाऊं आयुक्त ने कहा कि वह महासंघ की भावनाओं को शासन स्तर तक पहुंचाते हुए शासन स्तर पर उच्च स्तरीय वार्ता के माध्यम से समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे। ज्ञापन देने वाले में महासंघ के महामंत्री कंचन चंदोला, उपाध्यक्ष गौतम कुमार तथा पीतांबर दुमका व बलवंत रावत सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।



## NEWS / फटाफट

### डीएसए मैदान स्थित पार्किंग को विकसित करना बेहद जरूरी

**नैनीताल।** भाजपा के युवा वरिष्ठ नेता,भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष व कुमाऊं विवि डीएसबी परिसर के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अरविन्द सिंह पडियार ने कहा है कि अब जब कि नैनीताल शहर में कई अन्य पार्किंग स्थल विकसित होने जा रहे हैं ऐसी दशा में डीएसए मैदान स्थित पार्किंग को मुक्त कर उस स्थल को पूरी तरह से केंद्र गतिविधियों के लिए विकसित किया जाना बेहद जरुरी है। मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए उन्होंने जिलाधिकारी वंदना सिंह को ज्ञापन भी भेजा है। पडियार के मुताबिक वर्तमान में शासन-प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से नगर में कई नई पार्किंग स्थलों का निर्माण हो रहा है जिसके एवज में मेट्रोपोल पार्किंग का भी विस्तारीकरण हो रहा है। कहा कि पार्किंग के विस्तारीकरण के बाद डीएसए मैदान को मुक्त कर मैदान को पूरी तरह से खेल की गतिविधियों के प्रोत्साहन के लिए वहां पर हॉकी ग्राउंड,बाक्सिंग रिंग,टैनिस कोर्ट समेत कई अन्य खेल गतिविधि को बढ़ावा दिया जा सकता है जिससे कि नैनीताल नगर के खेल प्रेमियों का मनोबल भी बढ़ सके और नए बच्चों को खेल के क्षेत्र में नया आयाम सुलभ हो सके।

### ड्यूटी के दौरान होमगार्ड व पार्किंग कर्मी का विवाद

**नैनीताल ।** नगर के मल्लीताल मस्जिद चौराहे पर यातायात ड्यूटी के दौरान होमगार्ड व पार्किंग कर्मी का विवाद हो गया जिसके चलते मल्लीताल कोतवाली से होमगार्ड की ड्यूटी बारापत्थर क्षेत्र में लगा दी गई है। जानकारी के अनुसार मस्जिद तिराहे पर एक होमगार्ड यातायात ड्यूटी कर रहा था। ड्यूटी के दौरान बैरियर हटाने को लेकर उसका पार्किंग कर्मी से विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो होमगार्ड पार्किंग कर्मी को कोतवाली ले आया। जहां होमगार्ड ने पार्किंग कर्मी पर बैरियर हटाने का आरोप लगाया। पार्किंग कर्मी ने अपनी गलती मानते हुए दोबारा गलती न करने की बात कही। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार मलिक ने बताया कि सख्त हिदायत देकर पार्किंग कर्मी को छोड़ दिया गया साथ ही होमगार्ड की ड्यूटी अब बारापत्थर लगा दी गई है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## अराजक तत्वों पर लगाम लगाने को कई पुलिस टीमों का गठन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सरोवर नगरी नैनीताल में तेजी से बढ़ रहे अराजक तत्वों और नशेडियों पर लगाम कसने के लिए पुलिस प्रशासन अब एक्टिव मोड में आ गया है। मामले में अब पुलिस ने कई अलग-अलग टीमों का गठन कर देर रात तक शहर के विभिन्न हिस्सों में प्राथमिकता से गश्त करना भी शुरु कर दिया है। नगर के बिड़ला स्कूल रोड तथा डिग्री कालेज वाली रोड पर पुलिस का अधिक फोकस है।

बता दें कि संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल की ओर से बीते दिनों नगर के विभिन्न स्कूलों में छात्राओं के साथ मामले में विस्तार से चर्चा की थी इसमें छात्राओं की ओर से कई स्थानों पर अराजक तत्वों व नशेडियों की ओर से अराजकता फैलाने के मामले प्राथमिकता से उठाएं थे, जिसका संज्ञान लेते हुए अब पुलिस ने शहर में चिंहित किए गए क्षेत्रों में देर रात तक गश्त बढ़ा दी है। पुलिस की अलग-अलग टीमें अलग अलग क्षेत्रों में जाकर गश्त कर रही हैं तथा लोगों से वार्ता भी कर रही हैं।

मामले में तल्लीताल के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा ने बताया कि क्षेत्र में गश्त के लिए अलग- अलग टीम बनाई गई हैं। टीम भवाली रोड, हल्द्वानी रोड,डिग्री कॉलेज रोड, बिडला रोड, जू रोड तथा जिला पंचायत रोड समेत ठंडी सडक़ व मॉलरोड में गश्त कर रही है। गश्त के दौरान राह में मिलने वाले लोगों से संवाद भी किया जा रहा है। बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने व हंगामा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है।

## ऑल सेंट्स कॉलेज में संवेदीकरण कार्यशाला

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

छात्राओं के बहुमुखी विकास के प्रति संलग्न नैनीताल के प्रतिष्ठित ऑल सेंट्स कॉलेज के सभागार में मंगलवार को बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ परियोजना के अंतर्गत संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित की गई।




बता दें कि महिला एवम् बाल विकास विभाग नैनीताल द्वारा बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत विद्यालय की बालिकाओं द्वारा असुरक्षित स्थानों के चिन्हीकरण के मद्देनजर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जनपद के बाल विकास, महिला सशक्तिकरण तथा स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग से आए अधिकारियों ने बालिकाओं से उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा की गई। अधिकारियों ने छात्राओं को बिना डरे अपनी समस्याएं बताने के लिए प्रेरित किया और ऐसे असामाजिक लोगों पर कड़ी कार्यवाही करने की भी बात कही साथ ही टीम ने बालिकाओं से वार्ता करते हुए ऐसे स्थानों के बारे में पूछा जहां पर वह असुरक्षित महसूस करती हैं, साथ ही बताया कि पूरे जनपद में आयोजित की जा रहीं इन कार्यशालाओं में चिन्हित स्थानों पर समस्त संबंधित विभागों द्वारा लगातार कार्यवाही भी की जा रहा है। उन्होंने बताया कि हल्द्वानी में इन कार्यशालाओं का असर देखने को मिल रहा है। अधिकारियों ने छात्राओं से हेल्पलाइन नम्बर्स भी सांझा किए। अधिकारियों की टीम में बाल विकास परियोजना अधिकारी शिल्पा जोशी, सुपरवाइजर प्रियंका आर्या, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. दीप्ति धामी और भारतीय शहीद सैनिक स्कूल की प्रवक्ता डॉ. रेनू बिष्ट ने मौजूद रहीं।

अधिकारियों ने बताया कि इस कार्यशाला में चिन्हित स्थानों एवम कारणों के साथ समिति अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी वंदना सिंह को प्रेषित करेगी जिससे संबंधित विभाग को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया जाएगा। कार्यशाला में कक्षा 7 से 12 तक की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इन बालिकाओं ने कुछ सुझाव भी पेश किए। इस दौरान विद्यालय की छात्राएं और सभी शिक्षक गण मौजूद रहे।

# अभिमत

## जनहित के लिए विरोध

*जमीनी हकीकत यह है कि आर्थिक रूप से मध्यम व निम्न वर्ग के साथ संपन्न उपभोक्ताओं को भी कई बार जानलेवा परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। मोबाइल फोन की तरह बिजली का मीटर चार्ज कराना पड़ेगा। हर दिन मीटर की रीडिंग देखना संभव नहीं होगा। विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं और अचानक बिजली गुल हो गई तो अध्ययन से वंचित रह जायेंगे। किसी के परिवार में कोई सदस्य गंभीर बीमार है और विद्युत आपूर्ति की सख्त आवश्यकता है, लेकिन मीटर रीचार्ज नहीं होने के कारण बिजली बंद हो गई तो जानलेवा साबित हो सकती है।*

बिजली के स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध कई प्रदेशों में हो रहा है। उत्तराखंड में कांग्रेस के नेता मुखर होकर विरोध में उतर आये हैं। स्मार्ट मीटर के विरोध को दलगत राजनीति के नजरिये से नहीं देखा जाना चाहिए। जमीनी हकीकत यह है कि आर्थिक रूप से मध्यम व निम्न वर्ग के साथ संपन्न उपभोक्ताओं को भी कई बार जानलेवा परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। मोबाइल फोन की तरह बिजली का मीटर चार्ज कराना पड़ेगा। हर दिन मीटर की रीडिंग देखना संभव नहीं होगा। विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं और अचानक बिजली गुल हो गई तो अध्ययन से वंचित रह जायेंगे। किसी के परिवार में कोई सदस्य गंभीर बीमार है और विद्युत आपूर्ति की सख्त आवश्यकता है, लेकिन मीटर रीचार्ज नहीं होने के कारण बिजली बंद हो गई तो जानलेवा साबित हो सकती है। विद्युत का आविष्कार होने के बाद बिजली के मीटर घर और उद्योगों में लगे हैं। बिल का भुगतान वर्षों से लोग करते आ रहे हैं। बिल का भुगतान नहीं होने पर नोटिस देकर कनेक्शन काटा जाता है। बिजली का बिल खपत की मात्रा के हिसाब से कम और अधिक दर पर चार्ज किया जाता है। मैन्युअल मीटर हटाकर डिजिटल मीटर कुछ वर्ष पहले लगाये गये। मीटर की गुणवत्ता सही नहीं होने पर शिकायत आई। मैन्युअल मीटर 40-50 साल तक बिना खराबी के काम करते थे। डिजिटल मीटर कुछ महीनों में ही खराब हो जाते हैं। पिछले बिलों के औसत के अनुसार उपभोक्ता भुगतान कर देता है और नया मीटर लगवा लेता है। बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ सजा और जुर्माना किया जाता है। कटु सत्य यह है कि बिजली चोरी के लिए सिर्फ उपभोक्ता ही दोषी नहीं हैं। अपवाद को छोड़कर ज्यादातर विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मिलीभगत से बिजली चोरी की जाती है। घरेलू उपभोक्ताओं की खपत से कई गुना विद्युत उद्योग और सरकारी कार्यालय करते हैं। विद्युत चोरी रोकने और लाइन लॉस कम से कम करने के प्रयास तेज किये जाने चाहिएं। जितना पैसा डिजिटल मीटर और स्मार्ट मीटर की कवायद पर खर्च किया गया है, उतना धन लाइन लॉस कम करने पर किया जाता तथा बिजली सस्ती की जाती। लगातार विद्युत दर बढ़ाई जा रही है। स्मार्ट मीटर के जरिये महंगाई से त्रस्त उपभोक्ता पर एक और प्रहार करना अन्याय है। लोकतांत्रिक शासन में हर नागरिक को अत्यावश्यक सेवा सतत और सस्ती उपलब्ध कराई जानी चाहिएं। राशन, पेयजल, चिकित्सा, शिक्षा और सुरक्षा की तरह बिजली भी अनिवार्य तथा जनकल्याण की श्रेणी में है।

# अन्तर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस पर सम्मान समारोह

**देहरादून /नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

अन्तर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस के अवसर पर संजय ऑर्थोपीडिक, स्पाइन एवं मैटरनिटी सेंटर और सेवा सोसाइटी के सहयोग से मंगलवार को दिव्यांगता के ऊपर एक संगोष्ठी सम्मान समारोह एवं नि:शुल्क ऑर्थोपीडिक परामर्श शिविर का आयोजन किया।

जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. आरके जैन, अध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग, उत्तराखण्ड, विशिष्ट अतिथि पद्मश्री कल्याण सिंह रावत, स्पर्श हिमालय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केएन जैन, आयुर्वेदाचार्य डॉ. महेन्द्र राणा, वरिष्ठ ऑर्थोपीडिक सर्जन डॉ. जेपी नवानी, समाजसेवी देवेन्द्र पाल सिंह मोन्टी, पद्मश्री डॉ. बीकेएस संजय, ऑर्थोपीडिक सर्जन डॉ. गौरव संजय, डॉ. सुजाता संजय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

पद्मश्री डॉ. संजय ने कहा कि दिव्यांगता जितना अधिक समय रहती है उसका प्रभाव आनुपातिक रूप से बढ़ता रहता है। सरकारी, गैर-सरकारी संगठनों और समाज को किसी भी



प्रकार की दिव्यांगता को रोकने का प्रयास करना चाहिए। भारत 27 मार्च 2014 से पोलियो मुक्त है। जिससे कोई नये मामले तो सामने नहीं आ रहे हैं लेकिन पोलियो के लाखों पुराने मामले हैं और इसी तरह से सीपी के रोगी राष्ट्र के लिए बड़ी सामाजिक और अन्य समस्याऐं पैदा कर रहे हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. आरके जैन ने कहा कि आनुवांशिक दिव्यांगता को कम नहीं किया जा सकता पर सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली विकलांगता को तो कम किया जा सकता है। पूर्व आईएएस डॉ. आनंद एस खुल्लर ने कहा कि सर्जरी के माध्यम से डॉ. संजय और उनका संस्थान अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। दिव्यांग व्यक्तियों को भी समान रूप से देखें और उनको समान अवसर प्रदान करें। वहीं कुलपति प्रो. केएन जैना ने कहा कि शरीर मन और आत्मा सबके पास है तो कोई भी व्यक्ति दिव्यांग नहीं है। इन सभी के समावेश से हर व्यक्ति को अपना योगदान समाज के प्रति देना चाहिए।

इस दौरान वरिष्ठ ऑर्थोपीडिक सर्जन डॉ. जेपी नवानी ने कहा कि दिव्यांग लोगों को केवल विश्व विकलांगता दिवस के दिन ही नहीं बल्कि हमेशा इतना ही महत्व दें जितना कि आज के दिन दे रहे हैं। पद्मश्री कल्याण सिंह रावत ने कहा कि डॉ. संजय और उनकी संस्था जो कार्य कर रही है वह सराहनीय है। समाज में विकलांग वह लोग हैं जो समाज की अनदेखी कर रहे हैं और अपना योगदान नहीं दे रहे हैं। सभी को समाज की उन्नति में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए। इसके अतिरिक्त सभी सम्मानित दिव्यांगजनों एवं संस्थानों के पदाधिकारियों एवं आए हुए सभी प्रबुद्धजनों ने एक राय से कहा कि दिव्यांग लोगों को समाज की केवल सहानुभूति नहीं बल्कि समाज के सहयोग ही जरूरत है। कार्यक्रम का संचालन योगेश अग्रवाल के द्वारा किया गया।

इस दौरान सेंटर एवं सेवा सोसाइटी के सहयोग से दक्ष दिव्यांग खिलाड़ियों, नीरजा गोयल, राजेन्द्र सिंह तनवर, राजेश वर्मा, विशाल गोयल, मन्नू सिंह, मनोज परमार, धनवीर सिंह भण्डारी, अमित कुमार, नवीन कुमार, एनआईवीएच, मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन, इनर व्हील क्लब, लायंस क्लब, चशायर होम, बजाज लर्निंग, सीनियर सिटिजन वेलफेयर सोसायटी मसूरी इत्यादि को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित भी किया गया।

## समिति करेगी मस्जिद के दस्तावेजों की जांच

**उत्तरकाशी।** अतिक्रमण जांच समिति जल्द ही मस्जिद पक्ष के दस्तावेजों की जांच करेगी। समिति ने कुछ दिनों पूर्व मस्जिद के दस्तावेजों पर शक जताते हुए खातेदारों को नोटिस दिए थे, जिसके बाद खातेदारों व उनके आश्रितों ने समिति को संयुक्त जवाब सहित दस्तावेजों की प्रतिलिपियां दी हैं। दरअसल, बीते चार माह से उत्तरकाशी जनपद में मस्जिद विवाद शांत होता नजर नहीं आ रहा है। अल्पसंख्यक सेवा समिति जहां इस मामले पर हाईकोर्ट में याचिका दायर कर चुकी है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम महिमाजीत संधू से बदलकर महिमाजीत सिंह संधू रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे महिमाजीत सिंह संधू नाम से जाना पहचाना जाए। - **महिमाजीत सिंह संधू, पुत्र बलविन्दर सिंह संधू, गली नं.-2, नियर शिव मंदिर, माडल कालोनी, रुद्रपुर, ऊधमसिंह नगर ( उत्तराखंड )**

# उत्तरांचल फेडरेशन ऑफ मिनिस्टीरियल सर्विसेज एसोसिएशन की भीमताल कार्यकारिणी का गठन

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

जिले के भीमताल स्थित विकास भवन शिक्षा भवन एवं अन्य कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों की संयुक्त बैठक का आयोजन मंगलवार को विकास भवन स्थित परिषद कार्यालय में किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से उत्तरांचल फेडरेशन ऑफ मिनिस्टीरियल सर्विसेज एसोसिएशन की भीमताल कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें हरेंद्र सिंह नेगी को अध्यक्ष जबकि अर्जुन सिंह राणा को महामंत्री एवं प्रियंका पंत को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। बैठक में विकास भवन तथा शिक्षा भवन समन्वय समिति के गठन हेतु सर्वसम्मति से राहुल भट्ट को कार्यकारी अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

फेडरेशन के नव नियुक्त अध्यक्ष हरेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि विकास भवन तथा शिक्षा भवन एवं भीमताल नगर क्षेत्र के अंतर्गत कई कार्यालय स्थापित हैं जिनके सामूहिक हित में उत्तरांचल फेडरेशन ऑफ मिनिस्टीरियल सर्विसेज एसोसिएशन की भीमताल शाखा का




गठन किया गया है।

फेडरेशन द्वारा सक्रियता के साथ संवर्ग के साथियों के हित में कार्य किया जाएगा वहीं विकास भवन- शिक्षा भवन समन्वय समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष राहुल भट्ट ने विकास भवन में जलापूर्ति लगातार बाधित होने और कार्यालयों में शौचालयों की गंदगी पर रोष जाहिर किया गया। तय किया गया कि इस हेतु जल्द ही प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता करते हुए ज्वलंत समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा।

बैठक की अध्यक्षता उत्तराखंड राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष असलम अली द्वारा की गई। बैठक में उत्तराखंड विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के डा. लक्ष्मण सिंह रौतेला समेत वरिष्ठ कर्मचारी सी. सी. पंतोला, दीपक मैनाली, महेश पांडे, अर्जुन राणा, बबलू भरतोलिया, महिपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, प्रमोद जोशी, अक्षय दिगारी, अर्नुज, गोविंद मर्तोलिया, कुंदन अधिकारी, इंदर भंडारी, यशपाल आर्य, सौरभ सिंह, संजय देव, गोपाल राम तथा नारायण सिंह आगरी तथा प्रेम आर्य सहित सभी कर्मचारी शामिल हुए।

# फिल्मी दुनिया

## सेंसर बोर्ड से पास हुआ पुष्पा 2, द रूल का हिंदी संस्करण



*फिल्म पुष्पा 2, द रूल ने अपनी हिंदी संस्करण के लिए सेंसर बोर्ड से मंजूरी प्राप्त कर ली है। इसमें कुछ बदलाव किए गए हैं। फिल्म के संवादों और दृश्यों में काट-छांट करते हुए कुछ आपत्तिजनक शब्द हटाए गए हैं। अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना अभिनीत फिल्म पुष्पा 2, द रूल ने अपनी हिंदी संस्करण के लिए सेंसर प्रक्रिया पूरी कर ली है। केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) ने 3 दिसंबर को कुछ बदलावों की शर्त पर फिल्म को मंजूरी दे दी। फिल्म में किए गए प्रमुख बदलावों में रामावतार शब्द को भगवान से बदला गया गया है। वहीं एक संवाद को हिंदी में बदला गया है। इसके अलावा कुछ आपत्तिजनक शब्दों में भी बदलाव किए गए हैं। एक दृश्य जिसमें कटे हुए पैर को उड़ते हुए दिखाया गया था, उसे हटा दिया गया है। यह दृश्य पहले ही तेलुगु संस्करण से भी संपादित किया गया था। सेंसर बोर्ड ने धूम्रपान के दृश्यों में धूम्रपान से संबंधित चेतावनी जोड़ने का भी निर्देश दिया है। पुष्पा 2, द रूल का तेलुगु संस्करण 28 नवंबर को क्लियर हो चुका था, जिसमें एक आपत्तिजनक शब्द को तीन स्थानों पर हटाने की सिफारिश की गई थी। इसके अलावा देंगुड़ी और वेंकटेश्वर जैसे शब्दों को भी हटाया गया था। फिल्म के हीरो द्वारा कटा हुआ हाथ पकड़े हुए दृश्य को भी संपादित किया गया था।*

### पहले भाग ने की थी बंपर कमाई

*दोनों हिंदी और तेलुगु संस्करण को यू/ए प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ है। फिल्म की कुल अवधि 200.38 मिनट है। फिल्म का निर्देशन सुकुमार ने किया है। इसमें अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना, और फहाद फासिल महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। पुष्पा 2, द रूल 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। गौरतलब है कि इस फिल्म का पहला भाग पुष्पा द राइज - पार्ट 1 (2021) में रिलीज हुई थी। यह एक बड़ी हिट साबित हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने 267 करोड़ रुपये की कमाई कर धमाल मचा दिया था। इस फिल्म में शानदार अदाकारी के लिए अल्लू अर्जुन को राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला था।*

# लोगों को वन्यजीव व मानव संघर्ष से बचने के सुझाव दिए

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के रिहायशी इलाकों में लंबे समय से लगातार तेंदुए की दस्तक व सीसीटीवी कैमरों में तेंदुए कैद होने के बाद वन महकमा चौकन्ना हो गया है। वन विभाग की ओर से दो टीम बनाकर नैनीताल शहर में रात के समय गश्त की जा रही है, साथ ही वन्य जीव मानव संघर्ष को रोकने के लिए लोगों को विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया जा रहा है।

बता दें कि बीते दिनों तल्लीताल क्षेत्र में लगातार तेंदुए रिहायशी इलाकों में नजर आए। सीसीटीवी कैमरों में तेंदुए कुत्तों पर झपटते भी नजर आए साथ ही कई घरों के आस पास भी मडराते देखे गए हैं। तेंदुओं की डर से लोगों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त की मांग की थी, जिसके बाद विभाग की ओर से रोजाना रात को गश्त की जा रही है। नैनीताल वन प्रभाग के नगर पालिका वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी त्रिलोक सिंह बोरा के मुताबिक उन्होंने नगर क्षेत्र के लिए दो



टीम बनाई हैं जो तल्लीताल, हरिनगर, डिग्री कॉलेज रोड, बिरला रोड, जू रोड तथा पॉलिटेक्निक व अन्य क्षेत्रों में गश्त कर रही है साथ ही जगह जगह पर पोस्टर चस्पा कर लोगों को वन्य जीव व मानव संघर्ष से बचने के सुझाव दिए जा रहे हैं वहीं लोगों से शाम के समय छोटे बच्चों को बाहर न जाने देने की भी अपील की जा रही है।

News कॉर्नर

## सड़कों की बदहाली को डीएम से मिला शिष्टमंडल

**नैनीताल ।** नगर की आंतरिक सड़कों की बदहाली को बेहद गंभीरता लेते हुए आजाद मंच का शिष्टमंडल डीएम वंदना सिंह से मिला। उन्होंने डीएम को ज्ञापन सौंप शहर के आंतरिक सडकों व रास्तों को ठीक करने की मांग की। आजाद मंच के संस्थापक व युवा अधिवक्ता मो. खुर्शीद हुसैन के नेतृत्व में मंगलवार को एक शिष्टमंडल डीएम वंदना सिंह से मिला। उन्होंने डीएम से शहर की आंतरिक सडकों व रास्तों की बदहाली के विषय में डीएम को जानकारी दी। खराब खस्ताहाल रास्ते व सडकों के चलते सुबह व शाम बुजुर्गो तथा स्कूली बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सडक् में पड़े गड्ढों के चलते कई हादसे भी हो चुके हैं, कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। जिससे भविष्य में भी हादसों का खतरा बना हुआ है। उन्होंने डीएम को ज्ञापन सौंपते हुए सडक़ों में सुधार करने की मांग की है।

## नाले में गिरी गाय को सुरक्षित निकाला

**नैनीताल ।** नगर के स्नोव्यू वार्ड में देर शाम एक गाय नाले में गिर गयी। स्थानीय लोगों ने पालिका कर्मियों के साथ मिलकर गाय को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। बता दें कि सोमवार को देर रात स्नोव्यू क्षेत्र में एक गाय नाले में गिर गई, गाय के कराहने की आवाज सुन लोगों ने आसपास देखा तो उनको नाले से गाय की आवाज आई। जब लोगों ने नाले में देखा तो गाय नीचे नाले के अंदर फ ंसी थी, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने पालिका को सूचित किया। जिसके बाद पालिका की टीम और स्थानीय लोगों ने रस्सी की मदद से गाय को नाले से बाहर निकाल लिया। सामाजिक कार्यकर्ता जीनू पांडे ने बताया कि एक महिने के भीतर तीन मवेशी नाले में गिर चुके हैं। उन्होंने पालिका से शहर में घूमते मवेशियों को गौशालाओं को भेजने की मांग की है ताकि ऐसे हादसे फि र से ना हों। यहां ईओ सहित पालिका कर्मी दीपराज व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# तहसील दिवस का आयोजन बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादी

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

हल्द्वानी तहसील में तहसील दिवस का आयोजन हुआ तहसील दिवस की अध्यक्षता तहसीलदार सचिन कुमार ने की तहसील दिवस में पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी के साथ बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे पर कई विभागों के अधिकारी न होने के कारण लोगों को निराशा हाथ लगी। तहसीलदार ने कहा कि जो अधिकारी तहसील दिवस में नहीं आते उनके विरुद्ध सत्य कार्रवाई की जाएगी। आज के तहसील दिवस में पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी ने इंदिरा नगर की सफाई व्यवस्था. स्ट्रीट लाइट इंदिरा नगर



में सिविल लाइन, इंदिरा नगर में टूटी सड़कों का मुद्दा उठाया और सभासद शकील अहमद ने तहसील दिवस प्रभारी को बताया की सड़कों के गड्ढा मुक्त किया जा रहा है इंदिरा नगर की सड़कों को गड्ढा मुक्त नहीं किया जा रहा है। पूर्व सभासद शकील सलमानी ने तहसील दिवस प्रभारी को बताया कि खाद विभाग द्वारा निर्धन एवं गरीब परिवारों को बीपीएल के राशन कार्ड नहीं बनाई जा रहे हैं। सलमानी ने कहा कि राष्ट्रीय खाद सुरक्षा योजना. अंतोदय अन्य योजना के राशन कार्ड दो-दो साल से बेटिंग में पड़े हैं। गरीब परिवार के लोग यारों कार्यालय में जब जाते हैं खाद विभाग के अधिकारी कोटा ना होने का रोना रोते हैं। पूर्व सभासद शकील मुसलमानी ने तहसील दिवस प्रभारी को अगवत आते हुए कहा गरीब परिवारों को उजाला योजना के अंतर्गत नई गैस कनेक्शन नहीं दिए जा रहे हैं। खाद्य एवं पूर्ति विभाग की वेबसाइट पर बंद चल रही है इस कारण सैकड़ो परिवार उजाला योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है आज के तहसील दिवस में दर्जनों महिलाओं ने तहसील दिवस में पहुंचकर उजाला योजना के अंतर्गत नए कनेक्शन देने की मांग की। यहां अनीता, रामवती, नाजरीन सहित कई महिलाओं ने बीपीएल के राशन कार्ड बनाने की मांग रखी। इंदिरा नगर साली बाजार रोड जो सिविल लाइन पढ़ने के कारण खोदी गई उसकी मरम्मत करने की मांग रखी। आज के तहसील दिवस में मसरूर अहमद, इलियास अहमद, वकील अहमद, असलम अहमद, मोहम्मद साकिब, अंबर अली, वसीम खान आदि लोग उपस्थित थे।

# गायब युवक का शव जंगल से बरामद, एक संदिग्ध गिरफ्तार

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

थाना पंतनगर पुलिस ने 28 नवम्बर से गायब चल रहे युवक का शव नगला बाईपास से कुछ दूरी पर जंगल किनारे से बरामद किया है। पुलिस ने एक संदिग्ध को पूछताछ को हिरासत में लिया है।

थाना लालकुआं बिंदुखत्ता निवासी 42 वर्षीय नरेंद्र सिंह खाती पुत्र प्रयाग सिंह 28 नवम्बर को सुबह स्कूटी से ड्यूटी के लिए गया था। दोपहर तीन बजे तक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने कंपनी में जानकारी ली। कंपनी से घर के लिए जाने की बात कही। बताया जा रहा है कि नरेंद्र के घर नहीं पहुंचने पर तलाश की गई।

मोबाइल भी बंद था। परिजनों ने नरेंद्र के गायब होने की सूचना पंतनगर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक देर शाम नरेंद्र का शव नगला बाईपास



मृतक की फाइल फोटो।

**पूछताछ**

- मृतक सिड्कुल की एक कंपनी में कार्यरत था,थाना लालकुआं बिंदुखत्ता का निवासी था

सड़क किनारे जंगल से बरामद किया है। मृतक टाटा मोटर्स में काम करता था। सुपरवाइजर पद पर तैनात बताया जा रहा। पुलिस ने एक संदिग्ध को पूछताछ को हिरासत में लिया है। पुलिस ने शव को पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम को भेजा है। घटनास्थल पर पहुंच फॉरेंसिक टीम एविडेंस कलेक्ट में जुटी हुई है। थानाध्यक्ष सुंदरम शर्मा ने बताया कि युवक के गले में धारदार से रेते के निशान हैं। हत्या कर शव जंगल में फेंक दिया गया। इधर परिवार में कोहराम मच गया। मोर्चरी पर भीड़ जमा हो गई। मृतक के दो बच्चे हैं। एक लड़का और लड़की।

### देर शाम तक हो सकता है खुलासा

पुलिस सूत्रों के मुताबिक जांच के दौरान युवक ड्यूटी से निकल कर पंतनगर स्थित मस्जिद के पास लगे एटीम के सीसीटीवी फुटेज में जाते हुए कैद हुआ। लेकिन नगला बाईपास में लगे सीसीटीवी फुटेज में वह दिखाई नहीं दिया। पुलिस संदिग्ध से पूछताछ कर रही है और पुलिस शाम तक घटना का खुलासा कर सकती हैं।

# डीएसबी परिसर में फिट इंडिया वीक-2024के तहत फन गेम्स का विशेष आयोजन

नैनीताल
हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल का फिट इंडिया वीक-2024 का आयोजन युवा कार्य और खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार मंगलवार से विवि के डीएसबी परिसर में प्रारंभ हुआ, जिसमें परिसर के विद्यार्थियों हेतु प्रथम दिन फन गेम्स का विशेष आयोजन किया गया।

इससे पूर्व फिट इंडिया वीक कार्यक्रम का शुभारंभ परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने किया। प्रो.बोरा द्वारा विद्यार्थियों को प्रेरणादायी उद्बोधन दिया गया तथा खेल व स्वास्थ्य को विद्यार्थी जीवन में शारीरिक और मानसिक विकास के लिए उपयोगी बताया। इससे पूर्व परिसर के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. ललित तिवारी द्वारा परिसर के गुरुजनों व कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों को खेल मंत्रालय द्वारा प्राप्त फिट इंडिया वीक की शपथ दिलायी। इसके उपरांत शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0संतोष कुमार के मार्गदर्शन में विभिन्न प्रकार के फ न गेम्स का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संजय पंत समेत प्रो. ज्योति जोशी, प्रो. लता पांडे, प्रो. सुषमा टम्टा, प्रो. शिरीष मौर्य, डॉ0 हरिप्रिया पाठक डॉ. पूरन सिंह अधिकारी, अपूर्व बिष्ट तथा गणेश सिंह बिष्ट आदि उपस्थित थे।





## प्रत्यावेदन पर तीन दिनों के भीतर निर्णय लेने के निर्देश

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने मंजीरा देवी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज उत्तरकाशी की ओर से दिए गए 25 नवंबर को दिए गए प्रत्यावेदन पर तीन दिनों के भीतर निर्णय लेने के निर्देश केंद्र सरकार को दिए हैं। इस कालेज के मान्यता को सुविधाओं की कमी के आधार पर राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा प्रणाली आयोग ने वापस ले लिया गया है।

# निकायों में आरक्षण का अध्यादेश विचाराधीन

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के 102 नगर निकायों में ओबीसी आरक्षण संबंधी अध्यादेश राजभवन में विचाराधीन है।

राज्य सरकार ने मलिन बस्तियों और ओबीसी आरक्षण में बदलाव के लिए दो अध्यादेश राजभवन को भेजे थे, जिनमें से मलिन बस्तियों से संबंधित अध्यादेश को मंजूरी मिल गई, लेकिन ओबीसी आरक्षण संबंधी अध्यादेश अभी तक राजभवन में अटका हुआ है।

बताया जा रहा है कि इसमें प्रवर समिति के मुद्दे को लेकर राजभवन विचार कर रहा है। संभावना जताई जा रही है कि इसे लौटाया जा सकता है। राजभवन से मंजूरी नहीं मिलने पर राज्य सरकार के पास एक विकल्प है कि सुप्रीम कोर्ट के 2021 के आदेश के अनुसार निकायों में ओबीसी आरक्षण लागू करने के लिए एकल सदस्यीय समर्पित आयोग की रिपोर्ट का पालन करते हुए ओबीसी आरक्षण नियमावली को मंजूरी देनी होगी। इसके बाद निकाय चुनाव की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सकता है।

# प्रशासन ने सरकारी भूमि की सुरक्षा को उठाये कदम

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

सरकारी भूमि पर माफियाओं की गिद्ध-दृष्टि किसी से छिपी नहीं है। प्रशासन ने सरकारी भूमि चिह्नित कर कब्जे में लेने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पिछले सप्ताह नगर निगम ने दो स्थानों पर बोर्ड लगाकर अपने कब्जे में जमीन ले ली।

उपजिलाधिकारी परितोष वर्मा ने कालाढूंगी रोड पर लालडांठ नहर के पास लगभग 12000 वर्ग मीटर और कठघरिया चौराहे के निकट 1200 वर्ग मीटर भूमि को नगर निगम के साथ चिह्नित करते हुए नगर निगम को भूमि

**कार्रवाई**

- नगर निगम ने दो जगह बोर्ड लगाकर जमीन पर लिया कब्जा

हस्तांतरित करने के लिए संयुक्त निरीक्षण किया और भूमि हस्तांतरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। उपजिलाधिकारी ने बताया कि प्रशासन अब सभी जगह सरकारी खाली पड़ी भूमि को चिह्नित कर सुरक्षित करने की कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में मुख्य नगर आयुक्त विशाल मिश्रा के साथ दो स्थानों पर सरकारी भूमि चिह्नित की गई है।

# डीएम ने अधीनस्थों को दिए निर्देश जनहित के छोटे-बड़े कार्यों को प्राथमिकता दें

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। जिलाधिकारी ने कहा कि जनहित के सभी छोटे-बड़े कार्यों को प्राथमिकता दें व उनका शीघ्र क्रियान्वयन कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि मौसम के मद्देनजर शीतलहर से बचाव हेतु जनता को जागरूक किये जाने व उचित प्रबंधन करना सुनिश्चित करें। कहा कि चकबंदी के मामलों को तीव्र गति से निस्तारित करें, इस हेतु उन्होंने उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि जो गांव चकबंदी में आतें हैं उनका स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि नगर निगम सहित अन्य सभी विभाग उनके अधीन



सरकारी भूमि के विवरण का सूचीकरण कर लें, ताकि विभाग के नाम दर्ज कराने की कार्यवाही अमल में लायी जा सके व अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध कार्रवाई की जा सके। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की जानकारी लेते हुए कहा कि सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का नियमित निस्तारण करें व कहा कि वे स्वयं इसे मॉनीटर करेंगे। उन्होंने राजस्व घोषणाओं, सीएम घोषणाओं व शासन स्तर पर लंबित कार्ययोजनाओं की जानकारी ली भूमि विनियमितिकरण, कलेक्ट्रेट परिसर व राजस्व विभाग में पदों की रिक्तियों की राजस्व वादों व राजस्व वसूली की जानकारी ली। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों व तहसीलदारों को 10 बड़े बकायादारों के नाम की फलैक्सी बनाकर लगाने के निर्देश दिए। ओवरलोडिंग के दृष्टिगत उपजिलाधिकारियों को विशेष अभियान चलाते हुए जनता को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपजिलाधिकारियों को प्राथमिकता से जनसंवाद व जनसमस्या हेतु समय निर्धारित करने के निर्देश दिए, साथ ही स्कूलों का भी निरीक्षण करें व उचित संसाधनों की उपलब्धता हेतु प्लान तैयार करें ताकि शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक अच्छा बनाया जा सके।

बैठक में एडीएम अशोक कुमार जोशी, पंकज उपाध्याय, संयुक्त मजि. गदरपुर आसिमा गोयल, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, कौस्तुभ मिश्र, राकेश तिवारी, अभय प्रताप सिंह, रविन्द्र बिष्ट, रविन्द्र जुवांठा, गौरव चटवाल, ओसी कलेक्ट्रेट गौरव पांडेय, डॉ. अमृता शर्मा व समस्त तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी आदि मौजूद थे।